# ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर सेक्टर में निवेश करेंगी जापानी कंपनियां

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन और सेमीकंडक्टर जैसे उभरते सेक्टरों में नया निवेश लाने की राज्य सरकार के प्रयासों का असर अब दिखने लगा है। जापान की कंपनियों ने इन दोनों सेक्टर में निवेश को लेकर अपनी सहमति जताई है।

जापान के दौरे पर गए इंवेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने बुधवार को कई जापानी कंपनियों के साथ बैठक पर यूपी में निवेश पर चर्चा की। जापान उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर ग्रीन हाइड्रोजन पर पायलट प्रोजेक्टर शुरू करेगा, जिसमें आईआईटी कानपुर, आईआईटी बीएचयू और कनाडेविया शामिल होंगे। ये परियोजना झांसी में स्थापित की जा सकती है। इसके अलावा ग्रीन हाइड्रोजन पर आधारित सेंटर ऑफ एक्सिलेंस भी स्थापित किया जाएगा।

**इंवेस्ट यूपी के एसीईओ के साथ बैठक में हुई चर्चा, झांसी में शुरू करेगी पायलट परियोजना**




**सेमीकंडक्टर सेक्टर में निवेश करेगा रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स :** जापान की सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर की कंपनी रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी उत्तर प्रदेश में निवेश पर रुचि दिखाई है। कंपनी ने गौतमबुद्धनगर में एक कैपेबिलिटी सेंटर बनाने में रुचि दिखाई है। इसके अलावा एसीईओ इंवेस्ट यूपी के साथ अन्य बैठकों में जापानी कंपनी मारुबेनी कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने एग्रो-प्रोसेसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, औद्योगिक क्लस्टर, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्रों में संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के साथ मोबिलिटी और ईवी क्षेत्र में सहयोग के अवसरों पर अधिकारियों ने चर्चा की। बैठक के दौरान इंवेस्ट यूपी के एसीईओ शशांक चौधरी ने सभी कंपनियों को भरोसा दिलाया कि अगर कंपनियां यूपी में निवेश करती है, तो राज्य सरकार हरसंभव मदद करेगी।